Appointments from out-side in 1A and AI

2526. SHRI DINESHBHAI TRIVEDI : Vill the Minister of CIVIL AVIATION \ND TOURISM be pleased to state :

(a) whether Government's attention has leen drawn to the interview of Chairman **U/IA** published in "Sunday" magazine ecently about "to get people from out side o manage Air India/Indian Airlines"; and

(b) if so, what is meant by "People from Dutside" and at what level and what is Gov-rnment's reaction thereto ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION WD TOURISM (SHRI GHULAM NABI \ZAD) : (a) Yes, Sir.

(b) Chairman, Air India and Indian Air ines has expressed his views about the advantages and disadvantages of induction Df senior managers from outside into the liriines. No concrete proposals have been seat to the Government so far.

भारत पर्यटन विकास निगम (आई. टी. डी. सी.) द्वारा सस्ते होटलों का निर्माण

2527. **श्रीमति आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत पर्यटन विकास निगम (आई. टी. डी. सी.) द्वारा कम खर्चा करने वाले पर्यटकों के लिए भारत में सस्ते होटलों का निर्माण करने की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) वर्ष 1994-95 और 1995-96 के लिए भारत पर्यटन विकास निगम की वार्षिक योजना में देश में किसी भी नए सस्ते होटल के निर्माण के लिए किसी विशेष योजनागत स्कीम/प्रावधान का ध्यान नहीं रखा गया है । भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा नए होटलों का निर्माण आर्थिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता जैसे अनेक पहलुओं पर निर्भर करता है । भारत पर्यटन विकास निगम की वर्तमान नीति अपने मौजूदा प्रचालनों को दृढ़ करना है ।

उत्तर प्रदेश में बद्रीनाथ धाम

2528. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश में बद्रीनाथ धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों को इस स्थान पर कुप्रबंध के कारण बहुत कष्ट उठाना पड़ता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि तीर्थयात्रियों को कई बार वहां नियुक्त पुलिसकर्मियों के दुर्व्यवहार और डंडों को भी सहना पड़ता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि वहां पर्याप्त मात्रा में बिजली भी उपलब्ध नहीं है और जो जनरेटर बिजली के लिए वहां मौजूद हैं उनका प्रयोग अन्य स्थानों पर किया जा रहा है ; और

(घ) सरकार तीर्थयात्रियों की परेशानियों को दूर करने के लिए क्या कठोर उपाए कर रही है/करने की योजना बना रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (घ) केन्द्र सरकार तीर्थ गन्तव्य स्थलों सहित, पर्यटकों की रूचि के स्थानों पर पर्यटन सुविधाओं को सुधारने में राज्य सरकारों की मदद करती है । बद्रीनाथ धाम के तीर्थयात्रियों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के संबंध में विशेष रूप से कोई शिकायत नहीं मिली है । बिजली और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की जिम्मेवारी राज्य प्राधिकारियों की है । तीर्थयात्रियों की समस्याओं को दूर करने की ओर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है ।

2529WIU1MATI VEENA VERMA : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that despite frequent fare-increase and freight hikes, the

Indian Airlines have accumulated losses to the tune of Rs. 650 crores during the last three years; and

(b) if so, what are the main reasons thsre-for and how far it is attributed to high entertainment expenses ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD) : (a) Yes, Sir.

(b) The losses were mainly due to the following reasons :—

(i) A fare structure that did not fully offset increase in input cosLS. (ii) Increase in price of aviation turbine fuel from time to time, (iii) Absorption of heavy incidence of iked expenses associated with the *Ay* acquired A-320 fi.

(iv) Depreciation in exchange of the rupee.

(v) Emergence of air resulting in the fall of traffic hitherto carried by Indian *A* i particularly on the profitable trunk routes.

(vi) Pilots' agitation/strike from October, 1992 to January, 1993.

Entertainment expenses during the last three years have been a negligible proportion of the total expenses.

पर्यटकों की भारत-यात्राएं

2531. **श्री अजीत जोगी** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष कुल जितने विदेशी पर्यटकों ने भारत की यात्रा की और उससे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ;

(ख) क्या यह सच है कि देश में वातावरण के अशांत होने के कारण चालू पर्यटन मौसम में विदेशी मुद्रा के अर्जन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशी पर्यटक आगमन और उससे अनुमानित अर्जित विदेशी मुद्रा नीचे दिए गए अनुसार थी :—

वर्ष	पर्यटक आगमन	अर्जित विदेशी मुद्रा (रु० करोड़ में)
1991-92	17,81,892	3318.62
1992-93	18,20,239	3989.50
1993-94	18,71,262	4572.71

(ख) और (ग) कुछ स्थानों पर प्लेग के प्रभाव और उससे पर्यटक प्रजनन वाले देशों में हुए प्रतिकूल प्रचार ने अक्तूबर और नवम्बर 1994 के दौरान पर्यटन अर्जन को प्रभावित किया था । यह अनुमान है कि इसके कारण विदेशी मुद्रा अर्जन में 350 करोड़ रु. से अधिक की हानि हुई ।

Non-Utilisation of Funds for Tourism Development

2532. SHRI S. MADHAVAN : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether the funds allocated by Government for tourism development were not utilised by the State Government;

(b) if so, what are the details thereof;